# हरियाणा विधान सभा

की

# कार्यवाही

Hvs/Lib/5

22 मई, 1996

खण्ड 1, अंक 1

अधिकृत विवरण

Haryana Vidhan Sabha Secretariat LIBRARY

## विषय सूची

बुधवार, 22 मई, 1996


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| घोषणा— | |
| सचिव द्वारा | (1)1 |
| सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान | (1)1 |
| पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष तथा अन्यों का स्वागत | (1)3 |
| सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान (पुनरारम्भ) | (1)3 |
| अध्यक्ष का चुनाव | (1)6 |
| बधाई भाषण | (1)7 |
| उपाध्यक्ष का चुनाव | (1)11 |
| बधाई भाषण | (1)12 |


मूल्य : 42

*ERRATA*

to

Haryana Vidhan Sabha Debates Vol. I, No. I, dated the 22nd May, 1996.

| Read | For | Page | Line |
|---|---|---|---|
| जायेगी | ज एगी | 10 | 6 |
| हार्दिक | ार्दिक | 10 | 24 |
| आभारी | आभर | 10 | 24 |
| मेरी | मेर | 10 | 29 |
| माननीय | माननीब | 11 | 1 |
| election | el ction | 11 | 21 |
| स्पीकरशिप | स्पकरशिप | 11 | 34 |
| सहयोग | सहयो | 12 | अन्तिम लाइन |
| आपके | आसके | 14 | 30 |
| आभारी | आभार | 15 | 34 |
| आएगी | आएग | 15 | 35 |

# हरियाणा विधान सभा

बुधवार, 22 मई, 1996

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में 14-00 बजे हुई। कार्यकारी अध्यक्ष (श्री धर्म बीर यादव) ने 14-00 बजे से 16-15 बजे तक तथा तत्पश्चात् अध्यक्ष (श्री छतर सिंह चौहान) ने अध्यक्षता की।

---

## घोषणा—

### सचिव द्वारा

**सचिव :** मान्यवर, मुझे सदन को सूचित करना है कि हरियाणा के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 180(1) द्वारा उनमें निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री धर्म बीर, एम0 एल0 ए0 को हरियाणा विधान सभा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

मुझे सदन को यह भी सूचित करना है कि हरियाणा के राज्यपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 188 द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए हरियाणा विधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष को ऐसे व्यक्ति के रूप में नियुक्त किया है जिसके समक्ष हरियाणा विधान सभा का प्रत्येक सदस्य/सदस्या, अपना स्थान ग्रहण करने से पूर्व, शपथ लेगा/लेगी/प्रतिज्ञान करेगा/करेगी।

---

## सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान

**Mr. Acting Speaker :** Hon'ble Members, I congratulate all of you from the core of my heart on being elected as members of the Haryana Vidhan Sabha and also heartily welcome you to this august House.

Now the Hon'ble Members will be sworn in. The names of the members will be called upon by the Secretary. The Oath or Affirmation will be made and subscribed by the Hon'ble Members in the following order :

1. Chief Minister
2. Ministers
3. Lady Members ; and

[Mr. Acting Speaker]

4. Other Hon'ble Members district-wise alphabetically in alphabetical order, i.e.

(a) Ambala District
(b) Bhiwani District
(c) Faridabad District
(d) Gurgaon District
(e) Hisar District
(f) Jind District
(g) Kaithal District
(h) Karnal District
(i) Kurukshetra District
(j) Mohindergarh District
(k) Panchkula District
(l) Panipat District
(m) Rewari District
(n) Rohtak District
(o) Sirsa District
(p) Sonepat District
(q) Yamuna Nagar District

Hon'ble Members, those members, who will not be available to take oath/affirmation will be called again at the end. Now the Secretary will call upon the members one by one.

**Chief Minister**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Shri Bansi Lal | Tosham |

**Ministers**

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Smt. Kamla Verma | Yamuna Nagar |
| 3. | Shri Mani Ram | Bhattu Kalan |
| 4. | Shri Ram Bilas Sharma | Mahendergarh |
| 5. | Shri Jagan Nath | Bawani Khera |
| 6. | Shri Sri Kishan Dass | Rohtak |
| 7. | Shri Karan Singh Dalal | Palwal |
| 8. | Shri Narbir Singh | Sohana |
| 9. | Shri Suraj Pal | Tauoru |

**Lady Members**

| | |
|---|---|
| 10. Smt. Kartar Devi | Kalanaur |
| 11. Smt. Krishna Gehlawat | Rohat |

**Ambala District**

| | |
|---|---|
| 12. Shri Anil Vij | Ambala Cantt. |
| 13. Shri Faqir Chand | Ambala City |
| 14. Shri Raj Kumar Saini | Naraingarh |
| 15. Shri Rishal Singh | Mullana |

**Bhiwani District**

| | |
|---|---|
| 16. Shri Chhattar Singh Chauhan | Mundhal Khurd |
| 17. Shri Nripinder Singh | Badhra |
| 18. Shri Ram Bhajan Aggarwal | Bhiwani |
| 19. Shri Sat Pal Sangwan | Dadri |
| 20. Shri Somvir Singh | Loharu |

**Faridabad District**

| | |
|---|---|
| 21. Shri Anand Kumar | Ballabgarh |
| 22. Shri Chander Bhatia | Faridabad |
| 23. Shri Harsh Kumar | Hathin |
| 24. Shri Jagdish Nayar | Hassanpur |

## पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष तथा अन्यों का स्वागत

**Mr. Acting Speaker :** I inform the House that Shri Harnam Dass Johar, Speaker, Punjab Vidhan Sabha, Sardar Malkiyat Singh, Sardar Amrik Singh, Shri Ramesh Chander Dogra, Ministers, Punjab Government, Shri Issar Singh, Shri Rakesh Pandey, Sardar Malkiyat Singh Doda and Sardar Shamsher Singh Dulo, M.L.As., Punjab Vidhan Sabha are present in the V.I.Ps. Gallery.

## सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान (पुनरारम्भ)

| | |
|---|---|
| 25. Shri Krishan Pal | Mewla Maharajpur |

**Gurgaon District**

| | |
|---|---|
| 26. Shri Azad | Ferozepur Jhirka |
| 27. Shri Dharam Bir | Gurgaon |
| 28. Shri Khurshid Ahmed | Nuh |
| 29. Shri Narain Singh | Pataudi |

[Mr. Acting Speaker]

**Hisar District**

| | |
|---|---|
| 30. Shri Attar Singh | Hansi |
| 31. Shri Bhajan Lal | Adampur |
| 32. Shri Harminder Singh | Fatehabad |
| 33. Shri Jaswant Singh | Narnaund |
| 34. Shri Kanwal Singh | Ghirai |
| 35. Shri Om Parkash Mahajan | Hisar |
| 36. Shri Ram Saroop Rama | Ratia |

15.00 बजे

| | |
|---|---|
| 37. Shri Relu Ram | Barwala |
| 38. Shri Vinod Kumar | Tohana |

**Jind District**

| | |
|---|---|
| 39. Shri Birender Singh | Uchana Kalan |
| 40. Shri Brij Mohan | Jind |
| 41. Shri Ramphal | Safidon |
| 42. Shri Randeep Singh | Narwana |
| 43. Shri Satya Narain Lathar | Julana |

**Kaithal District**

| | |
|---|---|
| 44. Shri Charan Dass | Kaithal |
| 45. Shri Dillu Ram | Guhla |
| 46. Shri Narender Sharma | Pundri |
| 47. Shri Ram Bhaj | Kalayat |
| 48. Shri Ram Pal | Pai |
| 49. Shri Satwinder Singh | Rajound |

**Karnal District**

| | |
|---|---|
| 50. Shri Bhim Sain | Indri |
| 51. Shri Jai Singh | Nilokheri |
| 52. Shri Nafe Singh | Jundla |
| 53. Shri Ramesh | Gharaunda |
| 54. Shri Sashi Pal Mehta | Karnal |

**Kurukshetra District**

| | |
|---|---|
| 55. Shri Ashok Kumar | Thanesar |

| | |
|---|---|
| 56. Shri Jaswinder Singh Sandhu | Pehowa |
| 57. Shri Kapoor Chand | Shahabad |
| **Mohindergarh District** | |
| 58. Shri Kailash Chand | Narnaul |
| 59. Shri Narender Singh | Ateli |
| **Panchkula District** | |
| 60. Shri Chander Mohan | Kalka |
| **Panipat District** | |
| 61. Shri Bijender | Naultha |
| 62. Shri Kartar Singh Bhadana | Sambhalka |
| 63. Shri Krishan Lal | Assandh |
| 64. Shri Om Parkash | Panipat |
| **Rewari District** | |
| 65. Shri Ajay Singh | Rewari |
| 66. Shri Jagdish Yadav | Jatusana |
| 67. Shri Jaswant Singh | Bawal |
| **Rohtak District** | |
| 68. Shri Balbir | Meham |
| 69. Shri Balwant Singh | Hassangarh |
| 70. Shri Dhir Pal Singh | Badli |
| 71. Shri Jagbir Singh | Gohana |
| 22. Shri Shri Krishan | Kiloi |
| 73. Shri Nafe Singh | Bahadurgarh |
| 74. Dr. Virender Pal | Beri |
| **Sirsa District** | |
| 75. Shri Bhagi Ram | Ellenabad |
| 76. Shri Ganeshi Lal | Sirsa |
| 77. Shri Mani Ram | Dabwali |
| 78. Shri Om Parkash | Rori |
| 16.00 बजे | |
| **Sonepat District** | |
| 79. Shri Dev Raj Dewan | Sonepat |
| 80. Shri Ramesh Chander | Kailana |

[Mr. Acting Speaker]

| | |
|---|---|
| 81. Shri Ramesh Kumar | Baroda |
| 82. Shri Suraj Mal | Rai |
| **Yamuna Nagar District** | |
| 83. Shri Akram Khan | Chhachhrauli |
| 84. Shri Banta Ram | Radaur |
| 85. Shri Ramji Lal | Sadhaura |
| 86. Shri Subhash Chand | Jagadhari |
| **Sirsa District (Resumption)** **Lady Members (Resumption)** | |
| 87. Smt. Vidya Devi Beniwal | Darba Kalan |

## अध्यक्ष का चुनाव

**Mr. Acting Speaker** : Hon'ble Members, now we come to the Election of the Speaker.

**Home Minister** (Shri Mani Ram) : Sir, I beg to move—

> That Shri Chhattar Singh Chauhan, a member of the Haryana Legislative Assembly, who is present in the House, do take the Chair as Speaker of the Assembly.

शिक्षा मंत्री (प्रो० राम बिलास शर्मा) : अध्यक्ष महोदय, गोदारा साहब ने जो प्रस्ताव रखा है मैं उसका समर्थन करता हूं।

श्री जसवन्त सिंह (नारनौंद) : स्पीकर साहब, मैं भी इस प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूं।

श्री अनिल विज : स्पीकर साहब, मैं भी इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री देव राज दीवान : स्पीकर साहब, मैं भी इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**Mr. Acting Speaker** : Motion moved—

> That Shri Chhattar Singh Chauhan, a member of the Haryana Legislative Assembly, who is present in the House, do take the Chair as Speaker of the Assembly.

Is there any other proposal ?

**Voices** : No.

**Mr. Acting Speaker** : Since there is no other proposal, I declare Shri Chhattar Singh Chauhan duly elected as Speaker unanimously. (Thumping). I call upon him to take the Chair.

(At this stage Shri Chhattar Singh Chauhan, escorted by the Chief Minister, occupied the Chair.)

# बधाई भाषण

**मुख्य मंत्री (श्री बंसी लाल) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, इस महान सदन के अध्यक्ष पद पर चुने जाने के लिए मैं आपको अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से तथा सारे सदन की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। मुझे पूरा विश्वास और भरोसा है कि आप इस महान् सदन की ऊंची गरिमा को बनाए रखेंगे, इसकी मर्यादा और इसकी शान को बढ़ाएंगे। आप सभी सदस्यों से उनकी पार्टी सम्बद्धता की ओर ध्यान न देते हुए समान व्यवहार करेंगे तथा उनके अधिकारों को पूर्णतयः प्रोटेक्शन देंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि आपकी देखरेख में हरियाणा विधान सभा का नाम सारे देश में ऊंचा होगा। आप का व्यक्तित्व बहुत सरल है। आपने अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सारे राज्य के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए भरसक प्रयास किए हैं। आपने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। यही नहीं आप पंजाब विश्वविद्यालय में एक प्राईवेट विद्यार्थी के रूप में एम0ए0 में प्रथम रहे तथा स्वर्ण पदक जीता।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह आपको इस महान सदन द्वारा सौंपे गए कठिन कर्तव्यों को निभाने की शक्ति प्रदान करे तथा मुझे विश्वास है कि कठिन परिश्रम, लग्न तथा क्षमता के आपके गुण आपके कर्तव्यों के निर्वहन में विशेषतः सहायक होंगे। आप उन उच्च परम्पराओं को उन्नत करेंगे जिनकी इस सर्वोच्च निकाय में पालन करने व बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

अध्यक्ष महोदय, अपना स्थान ग्रहण करने से पहले मैं आपको पुनः बधाई देते हुए श्री हरनाम दास जोहर, स्पीकर पंजाब विधान सभा, सरदार मलकियत सिंह, मिनिस्टर पंजाब, सरदार अमरीक सिंह, मिनिस्टर पंजाब, श्री रमेश चन्द्र डोगरा, मिनिस्टर पंजाब, श्री इसर सिंह एम0एल0ए0, श्री राकेश पाण्डे, एम0एल0ए0, सरदार मलकियत सिंह डोडा, एम0एल0ए0 तथा सरदार शमशेर सिंह दुलो, एम0एल0ए0 पंजाब जो डिस्टिंगविश्ड गैलरी में विराजमान हैं, उनका अपनी ओर से, अपनी पार्टी की ओर से और सारे सदन की ओर से हार्दिक स्वागत करता हूं।

**श्री ओम प्रकाश (रोड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपको इस महान सदन की तरफ से यूनानीमसली अध्यक्ष पद पर चुने जाने के लिए हार्दिक बधाई पेश करता हूं। इससे पूर्व कि मैं आपको बधाई पेश करूं, इस महान सदन के सम्मानित निर्वाचित सदस्यों ने अध्यक्ष पद के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व का चयन किया है जिसने शिक्षा के क्षेत्र में और कानून की परम्पराओं का काफी अच्छी तरह से अध्ययन किया हुआ है। मुझे यकीन, विश्वास और भरोसा है कि आप इस पद की गरिमा को बरकरार रखते हुए निर्भय, निडर और निर्भीक होकर इस हाउस के सभी सम्मानित सदस्यों को समान अधिकार देंगे क्योंकि आप स्वयं भुक्तभोगी रह चुके हैं और आपने काफी कुछ बर्दाश्त किया है। अध्यक्ष महोदय, जहां मैं आपसे यह उम्मीद करता हूं कि आप इस सम्मानित सदन की मर्यादाओं को बरकरार रखेंगे वहां मैं अपनी तरफ से,

[श्री ओम प्रकाश]

अपने दल की तरफ से आपको पूर्ण सहयोग और समर्थन का आश्वासन देता हूं। इसके साथ ही साथ एक अनुरोध करना चाहता हूं कि * * * * * * * मुझे विश्वास है कि आप इस गरिमा को बरकरार रखेंगे और हरियाणा प्रदेश का नाम भारतवर्ष में ही नहीं बल्कि विश्व के मानचित्र पर सर्वोपरि करेंगे। यह हम आपसे उम्मीद करते हैं। अध्यक्ष महोदय, संयोग से यहां पर पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष, श्री हरनाम दास जौहर जी बैठे हैं। आपको बतौर हाऊस के मैम्बर होने के नाते काफी तजुर्बा है और फुरसत में जौहर साहब से भी कुछ सीख कर अच्छी परम्पराएं कायम करेंगे, ऐसी हमें उम्मीद है। अन्त में मैं पुनः आपको हार्दिक बधाई देते हुए आपको आश्वासन देता हूं कि हमारी तरफ से आपको पूरा सहयोग मिलेगा और समर्थन हासिल होगा, धन्यवाद।

**श्री भजन लाल** (आदमपुर) : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपको सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर चुने जाने पर अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं। आप का काफी तजुर्बा है और आप पीछे विधायक भी रहे हैं। आपका पिछले पांच साल का तजुर्बा है वह बताता है कि आपने उस समय असैंबली में बहुत ही शानदार सुझाव दिए, बहुत ही शानदार तरीके से बात कही। आपने एक एक बात को गहराई से देखा। इसलिए मैं आपको सर्वसम्मति से हाउस का अध्यक्ष चुने जाने पर हार्दिक बधाई और मुबारिकबाद देता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आपको सहयोग देंगे और आप अपनी मर्यादाओं में रह कर सब के हितों की बराबर देखभाल करेंगे, ऐसी हमें आशा है। अभी चौटाला साहब ने बोलते हुए पहले वाले स्पीकर के बारे में ऐसी बात कह दी जिसको कहने का अब परोपर फोर्म भी नहीं था। * * * * * * । बल्कि मैं तो यह चाहूंगा कि पूर्व स्पीकर को अच्छा काम करने के लिए बधाई देनी चाहिए क्योंकि उन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से अपना काम किया। उन्होंने पिछले पांच सालों में हाउस की गरिमा को बनाये रखा। इनके द्वारा बार बार हाउस की कार्यवाही को डिस्टर्ब करने की कोशिश की गई लेकिन फिर भी उन्होंने इनको बोलने का पूरा मौका दिया। अगर ये मर्यादा से बाहर जा कर भी कोई बात करते थे तो उन्होंने उसको भी बर्दाश्त किया। * * * * * * * * *

मैं इतनी बात कहते हुए आपको बधाई दूंगा। आपका काफी लम्बा तजुर्बा रहा है। मैं आशा करूंगा कि आपके इस तजुर्बे से हरियाणा प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। मुझे आशा है कि आप बड़े ही शानदार ढंग से हाउस की कार्यवाही को चलाएंगे तथा हाउस में सभी मैम्बर साहेबान के हितों की रक्षा करेंगे। अध्यक्ष महोदय, एक बार

---

* अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया।

फिर मैं आपको बधाई देता हूं तथा अपने दल की तरफ से भी आपको मुबारिकवाद देता हूं । इन शब्दों के साथ आपका धन्यवाद करते हुए मैं अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

**श्री बीरेन्द्र सिंह (उचाना कलां)** : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष चुने जाने पर मैं आपको बधाई दूंगा तथा एक और जरूरी बात आपसे कहूंगा जोकि चौधरी भजन लाल जी तथा चौधरी ओम प्रकाश चौटाला जी द्वारा की गई बात के बीच की बात है। पिछले माननीय स्पीकर साहब ने डिप्टी स्पीकर महोदय को अध्यक्षता करने का बहुत कम मौका दिया । मैं चाहता हूं कि कम से कम आप इतना जरूर करेंगे कि डिप्टी स्पीकर महोदय जो भी बनें उनको भी आप अध्यक्षता करने का मौका जरूर देंगे । आपकी एबसैंस में ही वे ऐसा कर सकते हैं। इसलिए आप जितना समय चैम्बर में रहेंगे वे यहां पर बैठेंगे । उससे डिप्टी स्पीकर साहब को भी तथा हम लोगों को भी जरूर फायदा होगा । अध्यक्ष महोदय मैं जहां आपको अध्यक्ष बनने पर मुबारिकबाद दूंगा उसके साथ ही एक-दो बातें भी जरूर कहना चाहूंगा । आपने भी यहां विपक्ष में बैठ कर देखा है और भुक्तभोगी रहे हैं इसलिए वैसी बातों की रैपिटीशन न हो। विपक्ष में बैठ कर तो अक्सर हम लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं । अब आपकी पार्टी सत्ता पक्ष में आई है । मैं आपसे अनुरोध करता चाहूंगा कि प्रजातान्त्रिक प्रणाली में अगर इस सदन को महान सदन कहें तो वह उन मर्यादाओं के कारण महान है जिनका पालन प्रजातन्त्र में किया जाना जरूरी है। अध्यक्ष महोदय का आचरण जहां लोकतान्त्रिक प्रणाली को महान बनाता है वहीं उनका व्यवहार सदन को गिरावट की ओर भी ले जा सकता है। इसलिए मैं गुजारिश करूंगा कि विधान सभा के रूल्ज में कुछ तबदीलियां की जाएं । अध्यक्ष महोदय, मुझे याद है जब मैं 1977 में पहली बार विधान सभा का सदस्य बन कर आया था, उस समय मुख्य मन्त्री चौधरी देवी लाल जी थे । मैंने पहले दिन खड़े हो कर यह कहा था कि पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज कमेटी भी होनी चाहिए जो कि हरियाणा विधान सभा में नहीं है। चौधरी देवी लाल जी ने इस सुझाव को मान कर पहले दिन ही पब्लिक अण्डरटेकिंग्ज कमेटी बना दी थी। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि कालिंग अटैंशन मोशन के रूल्ज को दोबारा देखे जाने की जरूरत है । किसी भी माननीय सदस्य द्वारा कालिंग अटैंशन का नोटिस देने पर सरकार का जवाब आ जाता है लेकिन उस पर कोई खास चर्चा नहीं हो सकती और कनसर्ड मैम्बर को केवल दो सवाल पूछने की इजाजत होती है । मैं यह अनुरोध करूंगा कि जैसे लोक सभा की प्रणाली है, उसको इस सदन में लागू किया जाए ताकि कालिंग अटैंशन मोशन का कुछ महत्व हो सके । अध्यक्ष महोदय, और भी बहुत सी बातें हैं जो मैं बाद में निवेदन करूंगा । फिलहाल मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा बनने के बाद से प्रजातान्त्रिक प्रणाली में जो कमियां हैं, उनको दूर करने के लिए आप इस सदन की एक कमेटी बनाएं जो अपनी रिपोर्ट आपको पेश करे तथा रूल्ज आफ प्रोसीजर एण्ड कण्डक्ट आफ बिजनैस में जिन रूल्ज को सुधारने की आवश्यकता है उनको सुधारा जा सके । आप

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh * LIBRARY



[श्री वीरेन्द्र सिंह]

आज ऐसे समय में इस कुर्सी पर विराजमान हुए हैं जब इस रूल्ज में सुधार की बहुत ज्यादा जरूरत है। इस कुर्सी पर विराजमान होने के लिए मैं आपको बधाई दूंगा तथा आपसे गुजारिश करूंगा कि आप इस बारे जरूर विचार कीजिए। अध्यक्ष महोदय, इस के साथ ही मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहूंगा कि विधान सभा का यह सैशन तीन दिन चलेगा। कल गवर्नर एड्रैस होगा जिस पर एक दिन के अन्दर बहस भी हो जाएगी, बहस का जवाब भी आ जाएगा और गवर्नर एड्रैस पास भी हो जाएगा। अध्यक्ष महोदय, विधान सभा सत्र का समय बढ़ाने के लिए जो संघर्ष आपने किया है वह आपको याद होगा। सैशन के समय के बारे में भी आप अवश्य ध्यान देंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे यह कहूंगा कि आपकी कुर्सी ईशारों से न चले तो हमें बहुत ही खुशी होगी, बल्कि हम आपके इशारों से चलें। यही मुझे कहना था तथा आप इस कुर्सी के लिए सर्व-सम्मति से चुने गए, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

**शिक्षा मन्त्री** (प्रो० राम बिलास शर्मा) : अध्यक्ष महोदय, इस मुकाम पर पहुंचने के लिए और इस महान सदन द्वारा आपको सर्व-सम्मति से चुने जाने के लिए आपको बधाई देता हूं। विपक्ष के नेता ने, चौधरी भजन लाल जी ने और श्री वीरेन्द्र सिंह जी ने आपको बधाई दी इसके लिए मैं उनका धन्यवादी हूं। आज यह सदन बहुत ही अच्छे तरीके से चल रहा है। यह हरियाणा के इतिहास में बहुत अच्छी शुरूआत है और हमारे मैम्बर्ज द्वारा इस बारे में हरियाणा के लोगों को बहुत ही अच्छा संदेश जाएगा। श्री वीरेन्द्र सिंह जी ने जो खदशा ज़ाहिर किया है वह गलत है। आप अध्यक्ष महोदय, शिक्षा से जुड़े हुए हैं, आपने गांव से लेकर चण्डीगढ़ तक संघर्ष किया और आपको यहां के बारे में सब कुछ पता है। अध्यक्ष का जो स्थान होता है वह पार्टी से ऊपर उठ कर होता है और आप इस पद का कार्य अच्छी तरह से निभाएंगे। मैं एक बार फिर आपको अध्यक्ष पद के लिए सर्व-सम्मति से चुने जाने के लिए बधाई देता हूं। धन्यवाद।

**श्री अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मैं आप सब का अधिक आभारी हूं कि आपने मुझे इस महान सदन के अध्यक्ष पद जैसे सम्मानित, गरिमामय और उत्तरदायी उच्च पद पर प्रतिष्ठित किया है। आप द्वारा प्रदत्त इस सम्मान को नम्रता और कृतज्ञता-पूर्वक स्वीकार करते हुए मैं आप सब का आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर मेरी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि वह मुझे अपने कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व को निष्पक्षता और न्यायसंगत रूप से निभाने की क्षमता और शक्ति प्रदान करे। मैं इस सदन के सदस्यों से भी यह अपेक्षा करता हूं कि इस महान सदन की गरिमा बनाए रखने हेतु मुझे आपका सकारात्मक सहयोग एवं रचनात्मक मार्गदर्शन मिलता रहेगा। परमात्मा के आशीर्वाद और आपके सहयोग से मैं इस पद पर रहे पूर्व प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा स्थापित उच्च एवं गौरवशाली परम्पराओं को बनाए रखने का भरसक प्रयास करूंगा।

माननीय सदस्यगण, आप सब इस तथ्य से भली-भांति परिचित हैं कि अनुशासन प्रजातन्त्र का स्तम्भ है। अतः माननीय सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि आप संवैधानिक परम्पराओं को दृष्टिगत रखते हुए अपने अधिकार का प्रयोग विधिवत, संयम और धैर्य से करेंगे। सुपरिमार्जित भाषा एवं तथ्यों पर आधारित आपका तार्किक भाषण हरियाणा राज्य के हित के लिए होगा ऐसा मेरा विश्वास है।

अंत में, मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं कि मैं सभी सदस्यों को हरियाणा राज्य के हित विशेषतया उनके मतदाताओं से सम्बन्धित महत्वपूर्ण लोक हित के मामले उठाने का अवसर देने हेतु प्रयासरत रहूंगा। मुझे आशा ही नहीं वरन् पूर्ण विश्वास है कि आप सभी सदस्य इस महान सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए मुझे अपना पूर्ण सहयोग देकर कृतार्थ करेंगे।

इस उच्च पद के माध्यम से हरियाणा की जनता के हितों की सेवा करने का जो अवसर आपने मुझे प्रदान किया है उसके लिए मैं पुनः आप सभी का आभारी हूं।

---

## उपाध्यक्ष का चुनाव

**Mr. Speaker :** Under rule 10(1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, I fix today immediately, the 22nd May, 1996, as the date for the election of the Deputy Speaker.

Now. I call upon the hon'ble members to propose the name/names for the election of the Deputy Speaker.

**Home Minister (Shri Mani Ram) :** Sir, I beg to move—

> That Shri Faqir Chand, a member of the Haryana Legislative Assembly, who is present in the House, be elected as Deputy Speaker of the Assembly.

**शिक्षा मन्त्री (प्रो० राम बिलास शर्मा) :** अध्यक्ष महोदय, चौधरी मनी राम गोदारा जी ने जिस नाम का प्रस्ताव डिप्टी स्पीकर शिप के लिए किया है, मैं उसका अनुमोदन करता हूं।

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय, मैं भी चौधरी मनीराम गोदारा द्वारा रखे गए प्रस्ताव का अनुमोदन करता हूं।

**श्री अकरम खान :** अध्यक्ष महोदय, श्री मनीराम गोदारा जी ने जो प्रस्ताव रखा है, मैं भी उसका समर्थन करता हूं।

**श्री शशिपाल मेहता :** अध्यक्ष महोदय, मैं भी चौधरी मनीराम द्वारा रखे गए डिप्टी स्पीकरशिप के नाम का समर्थन करता हूं।

**श्री देवराज दीवान :** अध्यक्ष महोदय, मैं भी गोदारा साहब द्वारा रखे गए प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**श्री रेलूराम :** अध्यक्ष महोदय, गोदारा जी ने डिप्टी स्पीकर के पद के लिए जिस नाम का प्रस्ताव रखा है, मैं भी उसका समर्थन करता हूं।

**Mr. Speaker :** Motion moved—

> That Shri Faqir Chand, a member of the Haryana Legislative Assembly, who is present in the House, be elected as Deputy Speaker of the Assembly.

Is there any other proposal please ?

**Voices :** No.

**Mr. Speaker :** Since there is only one proposal before the House that Shri Faqir Chand, be elected as Deputy Speaker, I declare him duly elected unanimously as Deputy Speaker and request him to occupy his seat. (Thumping)

(At this stage, Shri Faqir Chand, escorted by the Chief Minister, Education Minister and Shri Om Parkash Chautala, a member of the Opposition, occupied the seat of the Deputy Speaker. (Thumping)

---

## बधाई भाषण

**मुख्य मन्त्री (श्री बंसी लाल) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं श्री फकीरचन्द अग्रवाल को इस महान सदन के उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने पर हार्दिक बधाई देता हूं। मैं समझता हूं कि अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का पद दोनों जिम्मेदारी पूर्ण एवं गरिमा-पूर्ण हैं।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सदन की गरिमा और स्वतन्त्रता के प्रतीक हैं और क्योंकि विधान सदन एक तरह से राज्य का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए दोनों अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को राज्य की स्वायत्तता का प्रतीक माना जाता है। इसलिए यह उचित होगा कि इन पदों को आदर की दृष्टि से देखा जाए।

हमारे राष्ट्र के प्रथम अध्यक्ष दादा साहिब मावलंकर जी का नाम हमारे प्रजातंत्र की महान परम्पराओं एवं मर्यादाओं को कायम करने के लिए जुड़ा हुआ है। उन्होंने प्रजातंत्र प्रणाली में नए सिद्धांतों एवं प्रथाओं को निर्धारित किया है।

सदन के नेता के नाते मैं आशा प्रकट करता हूं कि श्री फकीर चन्द और आपकी अध्यक्षता में यह सदन प्रजातंत्र की उच्च परम्पराओं को कायम रखेगा। इस दिशा में मैं पूर्ण सहयोग का आश्वासन देता हूं। धन्यवाद।

**श्री ओम प्रकाश (रोड़ी) :** अध्यक्ष महोदय, श्री फकीर चन्द अग्रवाल जी के उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से चयन पर मैं इन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। श्री फकीर चन्द जी आप ही की तरह शिक्षाविद् हैं और बुद्धिमान व्यक्तित्व के मालिक हैं। मैं इन्हें मेरे दल व मेरी तरफ से पूर्ण सहयोग और समर्थन का विश्वास दिलाता हूं। मुझे यकीन, विश्वास और भरोसा है कि श्री फकीर चन्द जी निष्पक्ष, निर्भय और निडर हो कर हाउस के सभी सम्मानित सदस्यों को पूरी तरह से प्रोटैक्शन प्रदान करेंगे। यह भी संयोग की बात है कि जिस क्षेत्र से पहले उपाध्यक्ष चुनकर आए थे उसी क्षेत्र से श्री फकीर चंद जी चुनकर आए हैं। यह भी संयोग है कि उपाध्यक्ष और अध्यक्ष दोनों ही शिक्षाविद् हैं और मैं यह भी मानकर चलता हूं कि शायद चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी को जो संशय है उन्हें इस बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। ये समझते होंगे कि पहले वाले अध्यक्ष बोलने के लिए समय कम देते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। दोनों ही बड़े अच्छे व्यक्तित्व के मालिक हैं। हाउस की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए यहां जिस किस्म की किसी मुद्दे को लेकर चर्चा होगी उसमें बगैर किसी भेदभाव के और भी अच्छे ढंग से हाउस चलेगा और एक अच्छी प्रथा कायम होगी। ऐसा मत रखते हुए मैं पुनः उपाध्यक्ष महोदय को अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से हार्दिक बधाई देता हूं।

**श्री भजन लाल (आदमपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं फकीर चंद अग्रवाल जी को विधान सभा का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें अपनी तरफ से व अपनी पार्टी की तरफ से हार्दिक बधाई और मुबारकबाद देता हूं। अग्रवाल साहब बहुत पुराने व सीनियर मैंबर हैं। चौधरी बंसी लाल जी ने अंबाला की मर्यादा को कायम रखा क्योंकि पहले भी वहां से दो दफा उपाध्यक्ष रह चुके हैं। पहले श्रीमती लेखवती जैन रहीं और उसके बाद सुमेर चंद भट्ट साहब उपाध्यक्ष रहे। इस बात के लिए मैं उनको बधाई देता हूं कि उन्होंने इस प्रथा को बनाकर रखा है। श्री सुमेर चंद भट्ट भी काबिल थे, विद्वान थे और हाउस को ठीक तरीके से चलाया करते थे और मुझे भरोसा है कि अग्रवाल साहब भी इस हाउस को ठीक तरह से चलाएंगे। मैं इनको पूरा विश्वास दिलाता हूं कि मेरी व मेरी पार्टी की ओर से इनको पूरा को-ऑपरेशन मिलेगा। मैं उम्मीद करता हूं कि उपाध्यक्ष महोदय सबको साथ लेकर चलेंगे। सभी को बोलने का पूरा मौका मिलना चाहिए ताकि किसी भी सदस्य को जरा भी भेदभाव नजर न आए। मुझे पूरा भरोसा है कि भेदभाव नजर आने का सवाल ही पैदा नहीं होगा। उपाध्यक्ष महोदय भी हाउस की मर्यादा को पूरी तरह से कायम रखेंगे और हमारी ओर से भी हाउस को पूरा सहयोग और समर्थन मिलेगा। इन शब्दों के साथ मैं एक बार फिर से आपको बधाई देता हूं और परमपिता परमात्मा से यह चाहता हूं कि आप बड़े शानदार तरीके से हाउस को चलाएं।

**श्री खुर्शीद अहमद (नूंह) :** स्पीकर साहब, मैं आपकी इजाजत से श्री फकीर चंद अग्रवाल जी, जो कि शिक्षा के फील्ड में बहुत ही अच्छा काम कर चुके हैं, उन्हें

[श्री खुर्शीद अहमद]

विधान सभा में उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने के लिए बधाई देता हूं। सारी उम्र उन्होंने एजुकेशन के लिए डिवोट की है। आज हमारे साथी श्री मनी राम गोदारा साहब प्रस्ताव के जरिए उनको बहुत अच्छी जगह पर लाए हैं। यह उनके लिए वाकई मुस्तहिद है।

आज मैं सारे हाउस के तमाम मैम्बरों को इस बात के लिए मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों के नामों पर बगैर किसी कन्ट्रोवर्सी के एक तरफा फैसला किया है। हम समझते हैं कि ये दोनों ही कुर्सियों के लिए न्यायविद व काबिल इंसान साबित होंगे। मैं बगैर किसी हिचकिचाहट के यह कह सकता हूं कि मुझे आज यह महसूस हो रहा है कि अगर कहीं कोई गलत परम्परा पड़ गई है तो आप दोनों उसे सही रास्ते पर चलाने में कामयाब होंगे। आप लोगों की कंपीटैंस के बारे में कोई डाउट नहीं हो सकता। आप दोनों जो इन पदों पर बैठे हैं निहायत ही काबिल हैं। मुझे उम्मीद है कि जो नये मैम्बर पहली बार चुनकर इस हाउस में आये हैं आप उनको बोलने और सीखने का ज्यादा मौका देंगे जिससे वे हाउस की कार्यवाही को सीख सकें। बहुत से पुराने मैम्बर ज्यादा बोल लेते हैं और नये मैम्बर्ज को समय नहीं दिया जाता। हमें यह परम्परा डालनी चाहिए कि नये मैम्बर भी बोलें ताकि वे हाउस की कार्यवाही को सीखें और हाउस का काम ठीक तरह से चल सके। आप दोनों का पुनः धन्यवाद करते हुए मैं उम्मीद करता हूं कि आप हाउस को अच्छे ढंग से चलाकर एक अच्छी रिवायत कायम करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आप दोनों को बधाई देते हुए अपना स्थान ग्रहण करता हूं।

स्वास्थ्य मन्त्री (श्रीमती कमला वर्मा): अध्यक्ष महोदय, आज जिस अच्छे तरीके से हमारे ये दोनों चुनाव हुए हैं, दोनों शिक्षाविद चुने गए हैं इसके लिए मैं सबको बधाई देती हूं। श्री फकीर चन्द अग्रवाल स्कूल के बहुत कुशल प्रिंसिपल रहे हैं। इनकी सारी उम्र शिक्षाविद के रूप में बीती है। आज भी सदन के अन्दर जिस प्रकार इनके कन्धों पर अपने भार सौंपा है ये बहुत अच्छी तरह से निभाएंगे। मैं अपने सारे मैम्बरान को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि श्री फकीर चन्द अग्रवाल अपनी कार्यशैली को अच्छी तरह निभाते हुए, अपनी कार्यक्षमता का परिचय देते हुए सदन की गरिमा को बनाये रखेंगे। मैं एक बार फिर उनको बधाई देती हूं तथा मुख्य मंत्री जी का धन्यवाद करती हूं जिन्होंने सदन में दोनों शिक्षाविदों को अवसर देकर सदन की गरिमा को बढ़ाया है। धन्यवाद।

श्री जसवंत सिंह (नारनौंद): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा श्री फकीर चन्द अग्रवाल जी को हार्दिक बधाई देता हूं। आप दोनों ही अध्यापक वर्ग से आते हैं। जब राष्ट्र ने पिछली राधा कृष्ण जी को राष्ट्र का राष्ट्रपति बनाया था तो जहां हमने उनके शिक्षाविद उनकी क्षमता के लिए उन्हें ऐसे ऊंचे पद पर बैठाया था वहीं उनके साथ-साथ अध्यापक वर्ग को भी मान-सम्मान दिया था। उसी तरह से आज हरियाणा असैम्बली

में जहां आप दोनों को मान-सम्मान मिला है वहीं अध्यापक वर्ग को भी बहुत ऊंचा मान-सम्मान मिला है। हम इस सदन के अन्दर आपकी अध्यक्षता में बड़े-बड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे और महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। मैं आशा करूंगा कि आपकी अध्यक्षता में हम जिस तरह की इस सदन में चर्चा करें, महत्वपूर्ण निर्णय लें और जहां हम विषय की महत्ता को समझेंगे वहीं हम इस चर्चा की उच्च शैली और तरीके की महत्वता को भी निर्धारित करेंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक और बात कहकर अपना स्थान लूंगा। आप किसान वर्ग से आते हैं। जिस तरह किसान बहुत मेहनत करके अपने देश के लिए खेत में अनाज पैदा करता है वहीं किसान का बेटा फौज में भर्ती होकर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान करता है। हम आपके द्वारा किसान वर्ग व सैनिक वर्ग का भी मान-सम्मान करते हैं। धन्यवाद।

**श्री अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, इस सदन के उपाध्यक्ष श्री फकीर चन्द अग्रवाल जी चुने गए हैं, जिनका शिक्षा के क्षेत्र से एक लम्बे अर्से से सम्बंध रहा है। सदन का उपाध्यक्ष चुनकर इन पर जो जिम्मेवारी आयद की गई है, मैं परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि हम दोनों को शक्ति प्रदान करें कि हम आप सभी की आकांक्षाओं के अनुरूप उतर सकें। श्री फकीर चन्द अग्रवाल अम्बाला शहर के एस० एम० जैन कॉलेज में काफ लम्बे समय तक प्रिंसिपल रहे हैं। उनको 1974 में स्टेट अवार्ड से तथा 1981 में नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। ये 30 वर्षों के लम्बे अर्से तक एक ही संस्था के प्रमुख रहे हैं। वे एक महान शिक्षाविद् हैं जिनको 1965 से 1994 तक अम्बाला के नागरिकों ने 8 बार स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है। इनका अनेक संस्थाओं से सम्बंध रहा है। सामाजिक संस्थाओं से जुड़ने के साथ-साथ इनका अपना व्यवहार तथा इनकी कार्यकुशलता बहुत अच्छी है, जिससे हर नागरिक परिचित है। मैं इस सदन के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं कि आप सब ने उपाध्यक्ष पद का उत्तरदायित्व एक ऐसे व्यक्ति को सौंपा है जो शिक्षा से सम्बद्ध हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम दोनों व्यक्ति जिनका शिक्षा से सम्बंध रहा है और आप सभी लोगों ने हमें जो सम्मान दिया है, परमपिता परमात्मा हमें शक्ति प्रदान करें कि हम दोनों आपकी इच्छाओं के अनुरूप उतर सकें। अन्त में मैं आप सब का धन्यवाद करता हूं और उपाध्यक्ष महोदय को बधाई देता हूं।

**श्री फकीर चन्द अग्रवाल :** परम आदरणीय स्पीकर महोदय जी व इस सदन के मेरे विधायक बंधुओं/बहनों, आपने मुझ में जो विश्वास व्यक्त किया है तथा जो दायित्व मुझे संभाला है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि मैं उसे पूरी निष्ठा के साथ आपकी आशाओं के अनुरूप निभाऊंगा। शिक्षा के क्षेत्र में रहकर यह मेरा सौभाग्य है कि आपने इस सदन में एक नहीं दो शिक्षकों को, जिनको कि राष्ट्र का निर्माता कहा जाता है, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पदों पर आसीन कर सम्मानित किया है। इसके लिए मैं आपका आभार हूं और आप सब का धन्यवाद करता हूं। मैं आपको पुनः विश्वास दिलाता हूं कि मेरी तरफ से सदन के किसी भी सदस्य को कोई शिकायत नहीं आएगी। मैं

[श्री फकीर चन्द अग्रवाल]

पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों को निभाऊंगा। अंत में, मैं आप सब का अपनी ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। (थम्पिंग)।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, as the Governor is to address the House at 9-30 A.M. tomorrow, the 23rd May, 1996, the House is adjourned till immediately half an hour after the conclusion of the Governor's Address.

*16.54 Hrs. | (The Sabha then *adjourned till immediately half an hour after the conclusion of the Governor's Address on Thursday, the 23rd May, 1996).

Haryana Vidhan Sabha Secretariat * Chandigarh LIBRARY

27698H—V.S.—H.G.P., Chd.